

# नाव घाटों पर नजर रखें, नियमों का पालन कराएं : डीएम

**बाल रोग विशेषज्ञों की पदस्थापना का प्रस्ताव भेजने के निर्देश, मेडिकल कॉलेज रोड सहित मानपुर पुल 15 दिवस में पूर्ण होंगे**

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 04 मई।** कलेक्टर ने कहा है कि जिले के सभी नाव घाटों पर नजर रखी जायें तथा वहां नावों का संचालन होने पर लाईसेंस और निर्धारित एसओपी अनुसार समीक्षा की जाए। संबंधित एसडीएम द्वारा नियमों का पालन कराया जाये तथा बगैर लाइफ जैकेट और अन्य सुविधाओं के नावों के संचालन पर कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। रामेश्वर घाट सहित जिले के अन्य ऐसे स्थान जहां नावों का संचालन होता है, वहां पर सतत् रूप से निगरानी रखी जाये और बगैर लाईसेंस के नावों के संचालन पर रोक लगाई जायें। सरोदा गांव सहित नदी के किनारे बसे ऐसे गांव जहां लोग आने जाने के लिए नावों का इस्तेमाल करते है, उन्हें चिन्हित किया जायें और सुरक्षा मानकों का पालन कराया जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रही थी।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल एवं विजयपुर में शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना के लिए उनके माध्यम से प्रस्ताव स्वास्थ्य संचालनालय को भेजा जायें। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न मोड एवं आबादी क्षेत्र आदि स्थानों पर संकेतक लगाये जायें तथा ब्लैक स्पोट के रूप में चिन्हित स्थानों पर वाहन चालको के लिए सुरक्षा चिन्ह अंकित किये जायें। इसके साथ ही ब्लैक स्पोट को समाप्त करने के लिए तकनीकी उपाय सुनिश्चित किये जाएं। पुल निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि मेडिकल कॉलेज रोड तथा मानपुर पुल का कार्य 15 दिन के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने जनगणना कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि 5 मई तक 10 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया जायें, एसडीएम अपने स्तर से कार्य पर निगरानी रखेंगे तथा जनगणना निदेशालय के अनुसार मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 20 मई तक पूर्ण कर ली जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि स्कूल चलो अभियान के तहत शत प्रतिशत ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल खुलने पर प्रवेश दिलाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जायें, इसके पूर्व ड्रॉपआउट बच्चों का चिन्हांकन कर प्रवेश पूर्व सभी तैयारियां सुनिश्चित की जायें। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा अंतर्गत आवेदनों के समय सीमा में निराकरण की समीक्षा की गई।

## प्रमुख नदियों एवं बांधों के जलस्तर की जानकारी प्रतिदिन दी जाए

**15 जून से बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष शुरू करने के निर्देश**

**श्योपुर, 04 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि 15 जून से बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम को सुचारू रूप से शुरू किया जायें। जल संसाधन विभाग द्वारा 15 जून से चंबल, पार्वती सहित जिले की अन्य प्रमुख नदियों एवं बांधों के जलस्तर की जानकारी प्रतिदिन दी जायेगी। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बाढ आपदा प्रबंधन की बैठक में संबंधित विभागो के अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थी।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा सहित स्वास्थ्य, पशुपालन, फूड, महिला बाल विकास, जल संसाधन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि बाढ आपदा प्रबंधन के तहत पूर्व में आई बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति के चलते जिले के 60 ग्राम संवेदनशील के रूप में चिन्हित किये गये है, इन ग्रामों में कोटवार सहित स्थानीय अमले का सर्तकता बरतने तथा आवश्यकता के समय जिला स्तर सूचना प्रदान करने हेतु निर्देशित किया जायें। उन्होंने कहा कि बाढ़ एवं अन्य आपदाओं के समय कम्युनिकेशन कनेक्टीविटी बनी रहना चाहिए। किसी भी स्थिति में मोबाइल टावर बंद न हो, मोबाइल टावर कपंनियों के प्रतिनिधि यह सुनिश्चित करें कि अतिवर्षा, बाढ़ के समय मोबाइल नेटवर्क चालू रहे। 08 घंटे बैट्री बैकअप के साथ ही जनरेटर की व्यवस्था रखी जायें। बाढ़ एवं अतिवर्षा के कारण बैटरियां खराब न हो, उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखा जाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि राशन दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को आगामी 3 माह के राशन का एकमुश्त वितरण किया जाए। उन्होने बडौदा एवं विजयपुर शहरी क्षेत्र में नालों की साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश नगरीय निकाय के अधिकारियों को दियें। इसके साथ ही उन्होने कहा कि बाढ आपदा प्रबंधन में शामिल सभी विभाग अपने-अपने विभागों में एक अधिकारी को नोडल के रूप में नियुक्त करें।

### 2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**श्योपुर, 04 मई।** श्योपुर जिले में 04 मई को 2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 04 मई को श्योपुर तहसील क्षेत्र में 10 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। बडौदा, कराहल, विजयपुर, वीरपुर तहसील क्षेत्र में शून्य एमएम बारिश रही। गत वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 1693.42 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।




### खुरजान में चैक डैम की मरम्मत

**श्योपुर, 04 मई।** कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण के विभिन्न कार्य कराये जा रहे है। परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट ने बताया कि जल संरक्षण की दिशा में अभियान के तहत किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों के क्रम में जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायत खुरजान में केदार तिवारी के खेत के पास स्थित चेक डैम की मरम्मत का कार्य कराकर जल संरचना का नवीनीकरण किया गया है, इसके साथ ही चेक डैम की तलहटी में जमा हुई सिल्ट को निकाला गया है। जिससे वर्षाकाल के दौरान पर्याप्त मात्रा में जल का संग्रहण हो सकेंगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत इस चेक डैम की डिसिल्टिंग (गाद निकासी) कर उसकी मूल जलधारण क्षमता को पुन: स्थापित किया गया है। साथ ही संरचना की आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण किया गया है। इस जल संरचना के जीर्णोद्धार कार्य से आसपास के किसानों को खेती के लिए पानी की उपलब्धता होगी।



### योग दिवस 21 को, अभ्यास शुरू

**श्योपुर, 04 मई।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को दृष्टिगत रखते हुए श्योपुर जिले में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के निर्देशानुसार आयुष विभाग द्वारा योग अभ्यास कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. जी.पी. वर्मा ने बताया कि योग अभ्यास कार्यक्रम सुबह 5.30 बजे से 7 तक श्री हजारेश्वर मेला ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। उन्होने शहर के नागरिकों से अपील की है कि उक्त शिविर में पहुंचकर योग की विभिन्न क्रियाओं एवं आसनों के संबंध में अभ्यास कर सकते हैं।

### जिले में अभी तक 39 हजार 895 मैट्रिक टन गेहूं की खरीद

**श्योपुर, 04 मई।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित हैं। अभी तक 39 हजार 895 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी हैं। श्योपुर जिले में 33 सोसायटियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है, आज दिनांक की रिपोर्ट के अनुसार अभी तक श्योपुर जिले में 39 हजार 895 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है तथा 34 हजार 818 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन गोदाम एवं वेयर हाउस में कर दिया गया है। रेडी टू परिवहन का प्रतिशत 89.04 है तथा 12 हजार 592 स्लॉट की बुकिंग हो चुकी है। श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं के लिए किसानों को अभी तक 86 करोड रूपये से अधिक का भुगतान कर दिया गया है।



### ढोढर कॉलेज में लगाये पक्षियों के लिए सकोरे

**श्योपुर, 04 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की पहल पर जारी दाना पानी अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय ढोढर परिसर में पक्षियों के लिए सकोरे लगाये गये। उक्त अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज श्योपुर एवं लीड कॉलेज प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा द्वारा सभी शासकीय महाविद्यालयों में पक्षियों के लिए सकोरे लगाने की अपेक्षा की गई है। इसी क्रम में आज ढोढर महाविद्यालय में एनएसएस के जिला संगठक डॉ वकील कौशल तथा अन्य प्रोफेसर द्वारा कॉलेज परिसर में स्थित वृक्षों और अन्य छायादार स्थानों पर पक्षियों के लिए दाना पानी रखने हेतु सकोरे रखे गये। इस दौरान रामपति रावत, अनिल शर्मा, राजकुमार जाटव, डॉ. राजकुमार गौतम आदि उपस्थित रहें।

### वंदेमातरम के साथ कार्यालयों में कामकाज शुरू

**श्योपुर, 04 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की उपस्थिति में माह मई 2026 के प्रथम कार्य दिवस पर कार्यालय प्रारंभ होने के तत्काल पूर्व संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन कलेक्ट्रेट परिसर श्योपुर में किया। इस अवसर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में कामकाज की शुरूआत हुई।

**स्व-सहायता समूह द्वारा गौशाला का सफल संचालन**

## ग्राम टर्राकलॉ में गोबर खाद, दूध एवं सब्जी उत्पादन से समूह सदस्यों की आय बढ़ी

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 04 मई।** म.प्र. शासन द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत निर्मित गौशालाओं का संचालन स्व सहायता समूहों को प्रदाय किये जाने के फैसले का असर धीरे-धीरे श्योपुर जिलें में स्थापित गोशालाओं में दिखने लगा है तथा गोशालाओं से सब्जी उत्पादन, दूध उत्पादन, जैविक खाद निर्माण सहित अन्य गतिविधियों का क्रियान्वयन होने से समूह से जुडी महिला सदस्यों को अतिरिक्त आय प्राप्त होने लगी है।

ग्राम टर्राकलॉ की गौशाला में समूह की महिलाओं द्वारा सब्जी उत्पादन कर एक वर्ष में लगभग 50 हजार रूपये की अतिरिक्त आय ली जा रही है यही नही इसके साथ साथ गोशाला द्वारा गोबर खाद की भी बिक्री कर आय अर्जित की जा रही है।

पंचगव्य गौशाला ग्राम टर्राकलॉ में स्थित है। म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत इस गोशाला का संचालन भैरो बाबा स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। समूह द्वारा जुलाई 2020 से गोशाला का संचालन प्रारंभ किया गया तथा वर्तमान में स्वसहायता समूह द्वारा गोशाला में





भूसा निर्माण मशीन, चाप कटर, स्वयं का विद्युत ट्रांसफार्मर, नवीन ट्यूबवेल स्थापना, आटा चक्की सहित गौशाला में प्रत्येक नाद में पानी पहुंचाने के लिये नल फिटिंग का कार्य किया गया है। गौशाला में सब्जी उत्पादन के लिये ललिता रावत और गिरजा रावत एक सीजन में लगभग 30 हजार रूपये की अतिरिक्त आय सब्जी बेचकर करती है। गौशाला को दुध विक्रय से प्रतिवर्ष 50 हजार रूपये तथा गोबर खाद से 55 हजार रूपये की आमदनी प्राप्त हो रही है। गौशाला में वर्मीकम्पोस्ट, जीवामृत, घनजीवामृत आदि बायो उत्पाद बनाये जा रहे हैं। गौशाला के अन्य कार्यो से जुडे लोगों को भी मासिक रूप से रोजगार मिल रहा है।

जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन डॉ. सोहनकृष्ण मुदगल ने बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा गोशालाओं की व्यवस्थां सुधारने एवं गोशालाओं से अतिरिक्त आय लेने के लिये लगातार मार्गदर्शन दिया जाता है, जिसके तहत जिले की गोशालाओं में दूग्ध उत्पादन बढाने के लिये दूधारू गाय पालन का कार्य प्रारंभ किया गया। इसी प्रकार से आय वृद्धि के लिये मुर्गीपालन गतिविधि गौशालाओं में कराने हेतु मनरेगा योजनान्तर्गत मुर्गी शैड का निर्माण किया गया। ग्राम टर्राकलॉ में गोशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिये ना सिर्फ नलकूप खनन की स्थायपना की गयी है बल्कि गोशाला केम्प्स में 150 फलदार पौधो का रोपण किया गया है जिनमें अमरूद, आम, नींबू, कटहल इत्यादि पौधे रोपित किये गये है जो 02 वर्ष बाद गोशाला के लिये अच्छी आमदनी का स्त्रोत होने वाले हैं।

गौशाला से जुड़े भगवती रावत ने बताया की गौशाला में गोबर को ले जाने के लिये गोबर गाडी ली गयी है। पूरे नादो का रिपेयरिंग कार्य कराया गया है जिससे गौवंश आराम से भूसा एवं पेयजल से सकते है। गौशाला में पंखे, कूलर इत्यादि स्थापित किये गये है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने बताया कि जिले की गौशालाओं में हरा चारा उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं बायोगैस स्थापना की कार्ययोजना बनाई गई है तथा यह प्रयास किये जा रहे हैं कि सभी गौशालाओं में गोवंश को बारह मास हरे चारे की उपलब्धता हो सके एवं गोशाला में रहने वाले परिवार को बायोगैस के उपयोग से जोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि श्योपुर जिले में 24 गौशालाओं का संचालन महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है।

### जल संवाद आज, निषादराज में होगा आयोजन

**श्योपुर, 04 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बिन पानी सब सून, विषय पर जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में 5 मई को शाम 4 बजे से किया गया है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय के संयोजकत्व में तथा पीएचई विभाग के तत्वावधान में आयोजित जल संवाद कार्यशाला में प्रदेश के प्रसिद्ध भूगर्भ जल वैज्ञानिक एवं विभावरी संगठन के संस्थापक श्री सुनील चतुर्वेदी अपना प्रस्तुतीकरण देंगें। इसमें सेनेट्री स्टोर के संचालकों और पलम्बर्स को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य मे यह अपना योगदान दे सके।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद से पृथक

**श्योपुर, 04 मई।** प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना कराहल श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा एसडीएम कराहल के अनुमोदन उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सविता धाकड़ आंगनबाडी केन्द्र कूण्ड-बी को पद से पृथक करने की कार्यवाही की गई है। जारी आदेश के अनुसार शासकीय कार्य में लापरवाही, आंगनबाडी केन्द्र पर नियमित रूप से उपस्थित नही रहने तथा इस संबंध में जारी कारण बताओ सूचना पत्रो का जवाब नही देने के चलते यह कार्यवाही की गई है।

## खनिज के अवैध परिवहन पर कार्यवाही करें : डीएम

**अवैध परिवहन रोकने रेण्डमली चैक पोस्ट बनाकर सर्चिंग होगी : एसपी**

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 04 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित माईनिंग जिला टॉस्क फोर्स की बैठक में निर्देश दिये कि खनिज के अवैध परिवहन पर कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। राजस्थान से लगे क्षेत्रो में निगरानी रखी जायें और संभावित माईनिंग क्षेत्रों में निरंतर सर्चिंग की जायें। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, डीएफओ सामान्य केएस रंधा, कूनो आर थिरूकुराल, एसडीएम गगन सिंह मीणा, जिला खनिज अधिकारी राजेश कुमार गंगेले आदि उपस्थित थे।



कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि रेत सहित अन्य खनिजों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए पुलिस, माईनिंग, राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त टीम गठित की जायें। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ट्रेक्टरों पर रेडियम एवं वाहन नंबर लगाये जायें।

उन्होंने निर्देश दिये कि अवैध परिवहन एवं भण्डारण के दौरान जब्त किये गये रेत और अन्य खनिज का विनिष्टिकरण सुनिश्चित किया जायें। इसी प्रकार वन क्षेत्र में भी वन विभाग द्वारा निगरानी सुनिश्चित की जायें।

पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने कहा कि थाना प्रभारियों के साथ टीमें बनाई जायेंगी और अवैध परिवहन को रोकने के लिए रेंडमली चौकपोस्ट बनाकर सर्चिंग की जायेगी। अवैध परिवहन के मार्गो पर संयुक्त दल द्वारा कडी निगरानी रखे जाने के निर्देश भी दिये गये।

### नेशनल लोक अदालत नौ को

**श्योपुर, 04 मई।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता की अध्यक्षता में जिला अभिभाषक संघ, श्योपुर के सभागार में अधिवक्तागण व जिला मुख्यालय पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मेहता द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत में समझौता योग्य लंबित सिविल व आपराधिक प्रकरणों व प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण व पक्षकारों को लाभांवित कराने में अधिवक्ताओं द्वारा सहयोग प्रदान किये जाने की अपील की। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने पूर्व की भांति नेशनल लोक अदालत में सभी अधिवक्तागण की ओर से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नेशनल लोक अदालत के माननीय प्रभारी अधिकारी, विशेष न्यायाधीश द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम का संचालन जिला अभिभाषक संघ के सचिव शरद जैन द्वारा किया।




## आवारा पशु और गंदगी से नगरवासियों का जीवन बेहाल

नवभारत न्यूज

**दतिया, 4 मई।** दतिया नगर इन दिनों दो बड़ी समस्याओं आवारा पशु और गंदगी की मार झेल रहा है। मुख्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों तक इन दोनों समस्याओं का ऐसा फैलाव है कि आमजन का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है।

नगरवासियों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। आवारा पशु सड़कों पर झुंड बनाकर घूमते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा हर समय बना रहता है। बीते समय में कई लोग इन पशुओं की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं, वहीं कुछ मामलों में जान गंवाने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

इसके बावजूद अब तक कोई ठोस और स्थायी समाधान नजर नहीं आया। वहीं दूसरी ओर, शहर में फैली गंदगी भी गंभीर चिंता का विषय बन गई है। नियमित साफ-सफाई के अभाव में कई क्षेत्रों में कचरे के ढेर लगे रहते हैं, जिससे



दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। नागरिकों को रोजाना इस समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है और बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है।

#### नगर पालिका की उदासीनता पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका परिषद दतिया इन गंभीर समस्याओं के प्रति अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखा रही है। कई बार शिकायतें और मांगें उठने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

#### दिन-ब-दिन विकराल होती जा रही स्थिति

स्थिति यह है कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का घर से निकलना भी जोखिम भरा हो गया है। आवारा पशुओं का डर और गंदगी से फैलती बीमारियों का खतरा लोगों के मन में लगातार बना रहता है। अगर समय रहते इन समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की है, ताकि शहर को इन समस्याओं से राहत मिल सके।

## वन अधिकार के तहत लंबित दावों का निराकरण करें : डीएम

**वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत प्राप्त दावो की समीक्षा बैठक आयोजित**

**श्योपुर, 04 मई।** कलेक्टर ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत विभिन्न स्तरों पर प्राप्त लंबित दावों का निराकरण गंभीरता से किया जायें, एमपी वनमित्र पोर्टल के माध्यम से दावो से संबंधित आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वन अधिकार दावो के परीक्षण में भूमि से संबंधित लीगल डॉक्यूमेंट, सैटेलाइट इमेज तथा बुजुर्गो के कथन आदि को नियमानुसार मान्य किया जाए। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वन अधिकार अधिनियम के तहत आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहीं थी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, डीएफओ सामान्य केएस रंधा, कूनो आर थिरूकुराल, सहायक आयुक्त राकेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि ग्राम वन अधिकार समिति के पास पूर्व से लंबित 1657 दावे खण्ड स्तरीय समिति को प्रस्तुत किये जायें। इसी प्रकार व्यक्तिगत वन अधिकार दावे जो ग्राम वन अधिकार समितियों को प्राप्त हुए है, ऐसे दावों की संख्या 608 है, इन्हें भी सत्यापन के लिए उपखण्ड स्तरीय समितियों को भेजा जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के पास 369 दावे पुन: खण्ड स्तरीय समितियों को भेजकर संबंधित आवेदको से अपील के संबंध में पावती प्राप्त कर पुन: प्रस्तुत किये जायें।

### विश्व रेडक्रॉस सप्ताह अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**श्योपुर, 04 मई।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस श्योपुर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में 2 मई से 8 मई तक मनाये जा रहे सेवा सप्ताह अंतर्गत आदिवासी बस्ती चौनपुरा बगवाज मिडिल स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मानवता में एकजुटता थीम पर आयोजित सेवा सप्ताह के तीसरे दिन शिविर के दौरान मेडिकल कॉलेज में पदस्थ डा उज्जवल गालव (ऑथोपेडिस्ट), डॉ.शेरसिंह मोर्य (एमएस सर्जन), सीएचओ बगवाज अजय सैनी, नर्सिंग स्टॉफरवि शर्मा द्वारा शिविर में 70 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव दिनेशराज दुबोलिया, रेडक्रॉस के जिला प्रतिनिधि वीके सक्सेना, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहें।